## महत्वपूर्ण एवं खास

### युवक पर चाकू से हमला कर मोबाइल की लूट

**रायपुर (आरएनएस)।** आमानाका ओव्हरब्रीज के नीचे अज्ञात 4 लडक़ों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर मोबाइल फोन लूट लिए। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार अनुसार कुकुरबेड़ा निवासी प्रार्थी विरेन्द्र निषाद 19 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह आमानाका ओव्हरब्रीज के पास गुटखा खाकर वापस जा रहा था, तभी अज्ञात 4 लडक़ों ने प्रार्थी को रोका और गाली-गलौज करने लगे। जिससे प्रार्थी ने मना किया तो आरोपियों ने चाकू से प्रार्थी के सीना, जांघ पर मारकर चोट पहुंचाया। जिसके बाद आरोपियों ने प्रार्थी के जेब से मोबाइल लूट कर भाग निकले। लूटे गए मोबाइल की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 394 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** ग्राम मोहरेंगा में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में खरोरा पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक बालक दास 26 वर्ष ग्राम खौलीडबरी का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमडी 0411 से कहीं जा रहा था, तभी ग्राम मोहरेंगा स्थित वर्मा कलेक्शन के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे गंभीर रूप से घायल बालक दास को उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### जमीन विवाद के चलते युवक से मारपीट

**रायपुर (आरएनएस)।** ग्राम डिघारी में जमीन विवाद के चलते तीन युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किए। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम डिघारी निवासी प्रार्थी टिकेन्द्र पुरैना 28 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी सेवकराम व अन्य 2 लोगों ने जमीन विवाद के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### घरेलू विवाद को लेकर दो भाई आपस में भिड़े

**रायपुर (आरएनएस)।** गंगानगर खमतराई में घरेलू बात को लेकर एक युवक ने अपने भाई से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार गंगानगर खमतराई निवासी प्रार्थी सुरेन्द्र सिंह चौहान 28 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि उसका भाई आरोपी भूपेन्द्र सिंह चौहान ने घरेलू विवाद को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दूसरा घायल

**रायपुर (आरएनएस)।** इंडो चैन कंपनी भनपुरी के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे एक युवक की मौत हो गई। वहीं घायल युवक का अस्पताल में उपचार जारी है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम टाड़ा निवासी मृतक गोविंद धर 33 वर्ष अपने दोस्त गंगा प्रसाद नेताम के साथ बाइक क्रमांक सीजी 04 एनके 5902 के साथ कहीं जा रहा था। तभी भनपुरी स्थित इंडो चैन के पास ट्रक क्रमांक ओडी 09 डब्लू 8819 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे गोविंद धर की मौत हो गई। वहीं घायल गंगा प्रसाद को घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है।

# 31 मार्च के पहले दी जाएगी राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त की राशि : मुख्यमंत्री बघेल

- चण्डी मंदिर बागबाहरा और खल्लारी मंदिर पर्यटन स्थल के रूप में होंगे विकसित
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बागबाहरा का 30 बिस्तर से 50 बिस्तर में होगा उन्नयन
- आईटीआई बागबाहरा में 2 नए ट्रेड की स्वीकृति
- मुख्यमंत्री बघेल ने मरारकसीबहरा में ग्रामीणों से की सीधे बात-चीत

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने प्रदेश व्यापी भेंट-मुलाकात अभियान के दौरान आज 14 दिसम्बर को महासमुंद जिले के खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मरारकसीबहरा पहुंचे। उन्होंने वहां आम जनता से सीधे बात-चीत कर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर मुख्यमंत्री से चर्चा करते हुए ग्रामीणों ने भी शासकीय योजनाओं से मिल रहे भरपूर लाभ के बारे में बताया और राज्य सरकार की सराहना की। मुख्यमंत्री बघेल ने भेंट-मुलाकात अभियान में कहा कि किसानों के हित में राज्य सरकार द्वारा संचालित राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त की राशि 31 मार्च के पहले किसानों को मिल जाएगी।



मुख्यमंत्री बघेल ने इस अवसर पर ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि राज्य में सभी वर्ग के लोगों के विकास के लिए विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इनमें किसान, मजदूर, आदिवासी सहित गरीब व कमजोर आदि वर्ग के लोगों के हित को ध्यान में रखा गया है। उन्होंने इस तारतम्य में ग्राम सुराजी योजना के तहत् नरवा, गरवा, घुरूवा, बाड़ी कार्यक्रम, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, मुख्यमंत्री हॉट बाजार क्लीनिक योजना, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल योजना, वनोपज संग्रहण तथा राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना आदि के बारे में उल्लेख करते हुए लोगों को इनका अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

मुख्यमंत्री ने भेंट-मुलाकात के दौरान स्थानीय जनतिनिधियों और ग्रामीणों के आग्रह पर क्षेत्र के विकास के लिए अनेक घोषणाएं की। इनमें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बागबाहरा को 30 वितस्तर से 50 बिस्तर में उन्नयन और आई.टी.आई. बागबाहरा 2 नये ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन तथा फिटर प्रारंभ करने की घोषणा की गई। इसी तरह चण्डी मंदिर बागबाहरा और खल्लारी मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने तथा ग्राम कुलिया में विद्युत सब स्टेशन की स्थापना की स्वीकृति दी गई। इसके अलावा ग्राम एम.के.बाहरा में हाईस्कूल तथा ग्राम मुनगासेर में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा खोलने की घोषणा की गई। साथ ही कमरौद से चरौदा मार्ग एवं पुल-पुलिया और खोपली से सोनापुटी मार्ग एवं पुल-पुलिया के निर्माण की घोषणा की गई।

मुख्यमंत्री बघेल ने ग्राम मरारकसीबहरा में किसानों से कहा कि किसका-किसका कर्ज माफ हुआ है। इस पर एक स्वर में सहमति जताते हुए वहां उपस्थित सभी किसानों ने हां में जवाब दिया। इस दौरान ग्राम कमरौद निवासी किसान जितेंद्र साहू ने बताया कि मेरा ढाई लाख रूपए का कर्ज माफ हुआ है। इसके साथ-साथ राजीव गांधी किसान न्याय योजना का पूरा लाभ मिल रहा है। इनसे हुई आय से डेढ़ एकड़ खेती-जमीन खरीदा है और मकान भी बनाया हूं। इसी तरह ग्राम चुरकी निवासी ओमप्रकाश साहू ने बताया कि वे 2 एकड़ जमीन के मालिक है, 40 हजार का ऋण था जो माफ हो गया है। ग्राम एम.के.बाहरा निवासी तुमेश्वरी साहू ने बताया कि समूह का नाम जय मां लक्ष्मी स्व-सहायता समूह है। उन्हें शासन द्वारा संचालित योजनाओं के तहत् विभिन्न आयमूलक गतिविधियों से पर्याप्त आमदनी होने लगी है, जिसका लाभ समूह के सभी सदस्यों को मिल रहा है। इसी तरह ग्राम पचेड़ा निवासी चमन लाल साहू, सावित्रिपुर की सु सजनी मिश्रा तथा प्रेमलता बघेल, दयाराम चंद्राकर आदि ने भी शासन के विभिन्न योजनाओं से हो रहे लाभ के बारे में अवगत कराया।

## पीएम किसान सम्मान निधि : लैंड सीडींग, आधार सीडींग और ई-केवायसी करवाना अनिवार्य

**कोरबा (आरएनएस)।** शासन के द्वारा 17 अक्टूबर को पी.एम. किसान योजना के बारहवीं किश्त की राशि किसानों के बैंक खातें में हस्तांतरित किया गया है। जिसमें जिलें के लगभग एक लाख 34 हजार 666 हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन उपरांत 12 वीं किश्त की राशि जारी कर दी गई है। पी.एम. किसान योजनांतर्गत जिलें में लगभग 17,061 कृषकों के द्वारा ई-के.वाय.सी. अभी भी नहीं करवाया गया है, जबकि 34 हजार कृषकों का लैण्ड सीडिंग (भूमि विवरण सही नही होने के कारण) एवं बैंक खातें में गलत जानकारी अथवा आधार लिंक नहीं कराये जाने से किश्त की राशि हस्तांतरित नही की गई है। उपसंचालक कृषि अनिल शुक्ला ने बताया कि ऐसे सभी हितग्राहियों को जिन्हें किश्त की राशि प्राप्त नहीं हुई है उन्हें कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों के द्वारा डोर टू डोर सर्वे कर सभी कार्यवाही पूर्ण करने हेतु मार्गदर्शन दिया जा रहा है। वे अपना ई के.वाय.सी, लैंड सीडिंग, आधार सीडिंग ये तीनों प्रक्रिया अनिवार्यत: शीघ्र पूर्ण करावें। इनके पूर्ण नहीं होने पर केन्द्र शासन के द्वारा ऐसे किसानों को योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा।



प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत हितग्राही का स्टेटस में पी.एफ.एम.एस. रिजेक्ट होने की स्थिति में संबंधित बैंक से संपर्क कर आधार लिंक एवं आधार सीडींग का आवेदन देना होगा, जबकि लैंड सीडींग हेतु कृषि विभाग के विकासखण्ड कार्यालयों में बी-1 एवं आधार के साथ संपर्क करना होगा। ई-के.वाय.सी. नहीं होने की स्थिति में नजदीकी ग्राहक सेवा केन्द्र में जाकर पूर्ण करा सकते है। उपसंचालक कृषि अनिल शुक्ला ने जिलें में पी.एम. किसान के सभी हितग्राहियों को जिन्होंने ई-के.वाय.सी. नही कराया है या हितग्राही का आधार सीडींग, लैण्ड रिकार्ड अपडेट नहीं हुआ हैं, उन्हें कृषि विभाग के अधिकारियों से संपर्क करतें हुए सभी कार्यो को शीघ्र पूर्ण करानें हेतु अपील किया है। तभी जिले के समस्त हितग्राहियों को पी.एम. किसान योजना हेतु किश्त की राशि प्राप्त हो सकेगी।

आधार सीडींग एवं लैंड सीडींग - कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार किसान सम्मान निधि की राशि जिस बैंक खातें में प्राप्त हो रही है उस बैंक में जाकर आधार सीडींग का फार्म भरना अनिवार्य है। एवं जिन किसानों का लैंड सीडिं्रग के कारण राशि प्राप्त हीं हो री है उन्हे अपने बी-1 एवं आाधार के साथ कृषि विभाग में तत्काल संपर्क करना होगा।

ये किसान पात्र नही होंगें - उपसंचालक कृषि ने बताया कि एक किसान परिवार में केवल एक सदस्य का ही पंजीयन होगा (एक से अधिक ऋण पुस्तिका होने पर भी)। योजनांतर्गत ऐसे किसान पात्र नहीं होंगे जो संवैधानिक पद पर काम कर रहे या कर चुके, पूर्व मौजूदा मंत्री,सांसद, विधायक, मेयर, पंचायत प्रमूख, केंद्र-राज्य सरकार के मौजूदा या अवकाश प्राप्त कर्मचारी, पंजीकृत वकील डॉक्टर एवं सभी अवकाश प्राप्त पेंशनभोगी जिनकी मासिक पेंशन 10 हजार रुपए या इससे कहीं अधिक है।

## कटघोरा के पसान व केंदई रेंज में हाथियों का उत्पात जारी

**कोरबा (आरएनएस)।** जिले के कोरबा व कटघोरा वनमंडल में बड़ी संख्या में हाथियों का दल विचरण कर रहा है जिसमें से आठ हाथियों का दल कटघोरा के केंदई रेंज अंतर्गत कोरबी सर्किल में है जबकि 23 हाथियों का दल केंदई.पसान रेंज की सीमा पर स्थित साली पहाड़ में डेरा डाले हुए हैं। साली पहाड़ में मौजूद हाथियों के दल में से 4 हाथी बीती रात अलग होकर पसान रेंज के पनगंवा गांव में पहुंच गए तथा वहां उत्पात मचाते हुए किसानों के बाड़ी व खेतों में लगे अरहर की फसल को नुकसान पहुंचाया। जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। हाथियों के अचानक रात में पनगंवा पहुंचने फसल को नुकसान पहुंचाए जाने की सूचना पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और उत्पाती हाथियों को खदेडऩे की कार्रवाई की।

वन अमले द्वारा खदेड़े जाने पर हाथियों ने जंगल का रूख किया और पसान रेंज की सीमा को पार कर केंदई के साली पहाड़ पहुंच गया और पहले से वहां मौजूद हाथियों के झुंड में शामिल हो गया। उधर केंदई रेंज के कोरबी सर्किल में मौजूद हाथी भी शाम ढलने के बाद जंगल से एकाएक निकले और आधी रात को सर्किल के लाद गांव में पहुंचकर वहां बस्ती के किनारे स्थित एक ग्रामीण के मकान को निशाना बनाते हुए ढहा दिया।

## कलेक्टर एवं एसपी ने प्रदान किया अन्नू को पंद्रह लाख रुपए का चेक

**दुर्ग (आरएनएस)।** कुम्हारी फ्लाईओवर हादसे में अपने माता-पिता को खो चुकी अन्नू देवांगन को आज उसके परिजनों की उपस्थिति में पंद्रह लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा एवं एसडी डा. अभिषेक पल्लव ने यह चेक प्रदान किया। कलेक्टर एवं एसपी ने रायल इंफ्रा कंपनी के अधिकारियों से इस संबंध में चर्चा की थी और उनसे कहा था कि अनुबंध शर्तों के मुताबिक फ्लाइओवर में निर्माण के दौरान सुरक्षा संबंधी जिम्मेदारी कंपनी की थी लेकिन कंपनी की लापरवाही के चलते दुर्घटना हुई, अतएव बच्ची के भरणपोषण में सहयोग करें, चर्चा में कंपनी ने इसके लिए पंद्रह लाख रुपए देने की बात कही। कंपनी के अधिकारियों ने आज कलेक्ट्रेट परिसर में पंद्रह लाख रुपए की राशि का चेक दिया। कलेक्टर ने बताया कि इसके ब्याज की राशि से बच्चे के खर्च की व्यवस्था होगी, बालिग होने पर मूलधन बच्ची को मिल जाएगा। साथ ही बच्ची को अच्छे स्कूल में एडमिशन दिलाया जाएगा। प्रशासन लगातार बच्चे के परिजनों के संपर्क में रहेगा।



## वंदे भारत एक्सप्रेस में पत्थरबाजी करने वालों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध

- रेलवे लाईन के किनारे निवासरत लोगो को समझाईस देकर काउंसलिंग किया जा रहा है

**रायपुर (आरएनएस)।** गाड़ी संख्या गाडी संख्या.20826 वंदे भारत एक्सप्रेस में समय 18ण्09 बजे भिलाई नगर से भिलाई पावर हाउस के मध्य सेक्शन में किसी अज्ञात के द्वारा पत्थरबाजी की गई है जिसके कारण म्.1 के दाहिने तरफ के बाहर का सीशा क्रेक हो गया हैए जिसकी सूचना रेलवे सुरक्षा बल पोस्टए भिलाई को प्राप्त होते ही निरीक्षकए पूर्णिमा राय बंजारे, अपने मातहत बल सदस्यों के साथ घटना स्थल पर पहुंचेए गाड़ी अपने गंतव्य के लिए रवाना हो चुकी थी। निरीक्षक के द्वारा कार्यरत गार्ड वरुण कुमार सिंह से समन्वय करने पर बताया गया कि भिलाई नगर से भिलाई पावर हाउस के बीच मीड सेक्शन उक्त गाडी में पत्थरबाजी हुई जिस पर अज्ञात के विरुद्ध रेलवे सुरक्षा बल पोस्टए भिलाई मे अपराध कमांक 22512022 धारा. 154 रेल अधिनियम दिनांक 14 12 2022 के तहत मामला पंजीबद्ध कर जाँच मे लिया गया है तथा मामले संलिप्त व्यक्ति की पतासाजी के लिए जीआरपी एवं स्थानीय पुलिस से समन्वय कर कार्यवाही की जा रही है। आरोपी की पतासाजी के लिए मुखबीर भी तैनात किया गया है। इस प्रकार की घटना कार्य करने वाले अपराधियों के विरूद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही की जायेगी।



इसके साथ ही साथ रेलवे के द्वारा रेलवे लाईन के किनारे निवासरत लोगो को समझाईस देकर काउंसलिंग किया जा रहा है। रेलवे की प्रबुद्ध नागरिको एवं आमजनो से भी अपील है कि इस प्रकार की घटनाओं को भविष्य में रोकथाम हेतु अपने आसपास के बस्तीवालों को समझाईस देकर जागरूक करे।

## बिलासपुर रेलवे जोन को कोरबा से 80 प्रतिशत आय, फिर भी यात्री सुविधाओं से वंचित -सांसद महंत

- कोरबा सांसद ने संसद में रेल मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया

**कोरबा (आरएनएस)।** लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने लोकसभा की कार्यवाही में भाग लेते हुए संसदीय क्षेत्र से जुड़ी रेल संबंधी समस्याओं का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने इसे खेदजनक बताया कि बिलासपुर रेलवे जोन की राजस्व आय का 80 प्रतिशत हिस्सा कोरबा का है लेकिन इसके बाद भी कोरबा को यात्री सुविधाओं, नई यात्री गाडिय़ों का परिचालन एवं यात्री गाडिय़ों के विस्तार से वंचित रखा गया है।


सांसद ने रेल मंत्री से मुखातिब होते हुए कहा कि कोरबा इतवारी (नागपुर) कोरबा से इतवारी तक जाती है लेकिन वापसी में बिलासपुर में रुक जाती है जिसका विस्तार कोरबा तक किया जाये। कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस कोरबा से जाती है लेकिन वापसी में बिलासपुर में रुक जाती है जिसे कोरबा तक लाया जाये। कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस का विस्तार डोंगरगढ़ तक किया जाये। निर्माणाधीन गेवरा-पेण्ड्रारोड रेल कारिडोर में पसान (93) रेलवे स्टेशन प्रस्तावित था इसलिए पसान (बैरा साड़ामार) में रेलवे स्टेशन का निर्माण करायें।

**बीकानेर तक चले नई ट्रेन, पिटलाइन जल्द शुरू हो-** सांसद ने कोरबा से नयी यात्री ट्रेनों के परिचालन की मांग रखते हुए कहा कि कोरबा-बालपुर-सारागांव रेल ट्रैक बने 5 साल से ऊपर हो चुका है और मालगाड़ी का परिचालन हो रहा है। यहां यात्री रेल का परिचालन, कोरबा से राउरकेला मार्ग तक नई ट्रेन आगामी बजट में प्रस्तावित किया जाए। कोरबा से कटनी मार्ग पर एक भी यात्री ट्रेन नहीं है जो प्रारंभ किया गया है। बैकुंठपुर रोड एवं कटोरा रेलवे स्टेशन के मध्य नवीन रेलवे स्टेशन उरूमदुगा की स्थापना के लिए बजट में प्रावधान रखा जाए। कोरबा रेलवे स्टेशन में पिट लाइन बनकर तैयार है जिसे जल्द शुरू किया जाए ताकि नई यात्री ट्रेनों के परिचालन में सुविधा हो। कोरबा-बीकानेर नई यात्री ट्रेन के लिए भी बजट में प्रावधान करें।

## शिव आशीर्वाद की खुशबू से परिपूर्ण गंधेश्वर नाथ मंदिर में मुख्यमंत्री ने किया दर्शन

- सुबह, दोपहर और संध्याकाल शिवभक्तों को मंदिर में मिलता है अलग–अलग खुशबुओं का एहसास

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री ने आज सिरपुर स्थित गंधेश्वर नाथ मंदिर में विधिवत पूजन कर प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री का शंखध्वनि एवं मंत्रोच्चार के साथ मंदिर द्वार पर स्वागत किया गया। उन्होंने गंधेश्वर नाथ मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों के साथ चर्चा की और मंदिर के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने गंधेश्वरनाथ मंदिर प्रांगण में कदंब के पौधे का भी रोपण किया। मुख्यमंत्री ने मंदिर प्रांगण से महानदी के सुंदर तट का अवलोकन भी किया। उन्होंने मंदिर परिसर में स्थापित प्राचीन मूर्तियों को भी देखा। मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया।



सिरपुर स्थित गंगेश्वर नाथ मंदिर का अपने आप में ऐतिहासिक पुरातात्विक और आध्यात्मिक महत्व है। मान्यता है कि इस मंदिर में शिवभक्तों को भगवान शिव के शिवलिंग से सुबह, दोपहर और संध्याकाल में अलग-अलग खुशबुओं का एहसास मिलता है। ऐसा माना जाता है कि सुबह की पूजा के वक्त शिवलिंग से चंदन की खुशबू आती है । वहीं दोपहर में केसर की सुगंध मिलती है और संध्या पूजन के समय गुलाब की खुशबू का एहसास होता है । इसी वजह से भगवान शिव के इस मंदिर का नाम गंधेश्वर नाथ मंदिर पड़ा है। श्रावण मास में मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है दूर-दूर से लोग शिवलिंग पर जलाभिषेक करने पहुंचते हैं।

सिरपुर को प्राचीन दक्षिण कौशल की राजधानी कहा जाता है। मंदिर की प्राचीनता का प्रत्यक्ष उदाहरण यहां की स्थापत्य कला में स्पष्ट नजर आता है। मंदिर के गर्भगृह के सामने स्थापित चार स्तंभों पर पाली भाषा व ब्राह्मी लिपि में अभिलेख अंकित है। जानकारों का कहना है की इन अभिलेखों में भगवान शिव की स्तुति व शिव पार्वती विवाह के प्रसंग उत्कीर्ण किए गए हैं। वर्तमान में मंदिर प्रांगण में सिरपुर क्षेत्र में उत्खनन द्वारा प्राप्त पुरातात्विक महत्व की प्राचीन मूर्तियों को स्थापित किया गया है। इन मूर्तियों में भगवान नटराज की नृत्य में मूर्ति विशेष है। पौराणिक मान्यता है कि बाणासुर नमक महान शिव भक्त यहां निवास करता था, जिसने यहां भगवान शिव की घोर तपस्या की। इसके फलस्वरूप भगवान शिव ने उसे यहां दर्शन दिए।

महानदी के तट पर स्थित प्राचीन गंधेश्वर नाथ मंदिर न सिर्फ भगवान शिव के भक्तों के लिए विशेष है बल्कि यहां पर हिंदू, बौद्ध और जैन संस्कृतियों का अद्भुत संगम दिखाई देता है। मंदिर प्रांगण में सिरपुर क्षेत्र में प्राप्त पुरातत्विक मूर्तियां रखी गई है। जिनमें त्रिदेव ब्रह्मा–विष्णु–महेश, नवग्रह, भगवान बुद्ध की भूमि स्पर्श मुद्रा में मूर्ति और साथ ही साथ जैन धर्म से मुड़ी से जुड़ी मूर्ति भी दिखाई देती है।


SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता** इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां** मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु** प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें** संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा शैक्षणिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU